बाल भारती पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा

कक्षा - ३ (१४/१२/२०२० - १८/१२/२०२०)

विषय - व्याकरण उपविषय - क्रिया

शिक्षण अधिगम :-

- **प्रत्येक छात्र कम से कम ५-७ वाक्यों में क्रिया शब्दों की पहचान कर रेखांकित कर सकेगा |**
- **प्रत्येक छात्र अपने दिनचर्या में से कम से कम ५ -७ वाक्यों में क्रिया पर वाक्य सुना सकेगा |**
- **प्रत्येक छात्र वाक्यों में उचित क्रिया शब्द भर कर वाक्यों को पूरा कर सकेगा |**

चित्र में क्या - क्या हो रहा है ?

बच्चे खेल रहे हैं ।

गुब्बारे वाला गुब्बारे बेच रहा है ।

रहीम झूला झूल रहा है ।

लड़की रेत में किला बना रही है ।

मीना माताजी के साथ झूला देख रही है ।

इन वाक्यों में रंगीन शब्द किसी काम के करने या उसके होने के बारे में बता रहे हैं | ये सभी शब्द क्रिया हैं | खेलना, देखना, बेचना, बनाना, झूलना आदि सभी शब्द क्रियाएँ हैं |

- जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का पता चलता है, उन्हें क्रिया कहते हैं |
- कोई भी वाक्य क्रिया के बिना अधूरा है |

अब आपकी बारी :-

प्रश्न १. नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया छाँटिए :-

क) धोबी कपड़े धोता है |

ख) लड़के ने पानी पिया |

ग) कोयल गा रही है |

घ) पिताजी बाज़ार गए |

ड़) राम सो रहा है |

च) घोड़ा दौड़ता है |

छ) सूरज निकल रहा है |

ज) पंखा चल रहा है |

प्रश्न २ . जो शब्द क्रिया नहीं है , उन पर गोला लगाइए :

क) हँसना	रोना	लड़का	पढ़ना
ख) हाथी	गाना	बोलना	काटना
ग) पिलाना	सुलाना	चलना	ट्रेक्टर
घ) खोना	पुस्तक	घूमना	बनाना

BBPS, PP

ड़) पेड़ कूदकर उड़कर पकड़ी

प्रश्न ३. सही क्रिया लगाकर वाक्य पूरा करो :-

क) गरिमा ने गीत ____________ | (गाया, दिखाया, देखा)

ख) दुकानदार ने खराब सब्ज़ी ____________ | (बेचता है, बेचना, बेची)

ग) सीता कलम से ____________ | (लिखी, लिखती है, लिखा)

घ) शाहजहाँ ने ताजमहल ____________ था | (बनाया, बनवाया, बनवाये)

ड़) सोहम ने मुझे ____________ और हँसने लगा | (बोला, देखा, लिखा)

नोट:- प्रश्न १, २ और ३ अपनी उत्तरपुस्तिका में करें |